तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

11 आस्था एवं अगाध श्रद्धा का केंद्र है नाहड़ का बाबा गंगापुरी धाम, लोगों की विशेष आस्था


12 लेमन रेस में ललिता और थ्री लेग रेस में पिंकी व यशिका बनी विजेता


## खबर संक्षेप

### ट्रेन में महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से सतनाली जा रही ट्रेन में युवक महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के गांव कुंडल निवासी राजेश कुमार ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि 1 फरवरी को सुबह करीब 8:30 बजे वह अपनी मां विजय देवी को रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सतनाली जाने के लिए बैठाकर गया था। जब टेन महेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंची तो भीड़ ज्यादा होने के कारण बदमाश महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सैनिक एक्सप्रेस से महिला का आभूषण व नकदी का पर्स चोरी

**रेवाड़ी।** सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन में महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स में सोने के आभूषण, नकदी व मोबाइल था। आनंद नगर सीकर राजस्थान निवासी रेणु अग्रवाल ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि वह 13 जनवरी को सीकर से सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन में अपने पति के अजय अग्रवाल के सफर कर रही थी तथा ट्रेन में सो रही थी। ट्रेन के रेवाड़ी स्टेशन पर पहुंचने पर जब उसने अपना सामान संभाला तो लेडिज पर्स गायब था। पर्स में करबी 6 तोला सोने के आभूषण, 90 हजार रुपये, मोबाइल फोन व घर की चाबियां थी। जीआरपी ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### गाड़ी से इलेक्ट्रानिक का सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के सेक्टर-1 स्थित ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ी गाड़ी का लॉक तोड़कर चोर लाखों का समान चोरी कर ले गए। विपुल गार्डन धारूहेड़ा निवासी मृत्युन्जय कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गाड़ी पर अवधेश कुमार निवासी कासगंज रोड असेपुर मिठेची एटा यूपी ड्राइवर लगा हुआ है। 6 फरवरी को ड्राइवर गाड़ी में फरुखनगर से भोपाल का वी गार्ड कंपनी का इलेक्ट्रानिक का सामान लोड करके चला था तथा रात करीब 11:30 बजे उसके सेक्टर-1 धारूहेड़ा थाने के पीछे स्थित ऑफिस के सामने गाड़ी को खड़ी करके ऑफिस में सो गया। अगले दिन उसने सुबह उठकर देखा तो गाड़ी का ताला टूटा हुआ था तथा गाड़ी के अंदर से सामान गायब था। उसके बाद उसने ट्रांसपोर्टर को सूचना दी। चोर गाड़ी के अंदर से 128446 रुपये के करीब कीमत का इलेक्ट्रानिक का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाला युवक लापता

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा में पार्क के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ी से 24 वर्षीय युवक लापता हो गया। धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में सपना ने बताया कि वे धारूहेड़ा पार्क के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहते है। 6 फरवरी को उसका लड़का शेखर घर से काम के लिए निकला था, अभी वापस नहीं आया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**कसोला।** गांव संगवाड़ी में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल पर सवार बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव संगवाड़ी निवासी संदीप ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि 6 फरवरी को वह गांव के सरपंच रामसिंह के मकान के पास था तभी उसका बेटा वीर साइकिल से दुकान जा रहा था। उसी समय गांव के संजू ने तेज रफ्तार बाइक से उसके बेटे की साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी गंभीर चोटें आई। वह तुरंत अपने बेटे को ईलाज के अस्पताल ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वर्ष 2000 के बाद जमा नहीं करवाया डंपर का टैक्स

# नगर परिषद में अंधेरगर्दी, चला रहे अनफिट वाहन, एक डंपर किया इंपाउंड

- फिटनैस सर्टिफिकेट लेना भी जरूरी नहीं समझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

भ्रष्टाचार के मामले में लगातार चर्चा में रहने वाली नगर परिषद के अधिकारी सरकारी वाहनों के रख-रखाव को लेकर भी गंभीर नहीं हैं। सरकारी वाहनों की फिटनेस जांच कराने से लेकर टैक्स जमा कराने तक में भी कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही। नतीजा यह हुआ कि रविवार को चेकिंग के दौरान नगर परिषद का एक डंपर आरटीए टीम के हत्थे चढ़ गया। बिना फिटनेस मौत बनकर दौड़ रहे डंपर को इंपाउंड कर दिया गया। नप के एक अधिकारी ने सरकारी गाड़ी होने का हवाला देते हुए डंपर छोड़ने को कहा, परंतु एसडीएम ने ऐसा करने से मना कर दिया। नगर परिषद का एक डंपर रविवार सायं शहर का कूड़ा भरने के बाद रामसिंहपुरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान कसोला चौक के पास आरटीए की टीम ने डंपर रुकवा लिया। डंपर में भरे गए कूड़े को ढका हुआ नहीं था, जिससे कूड़ा उड़कर सड़क पर गिर रहा था। डंपर पर पीछे नंबर प्लेट तक नहीं लगी हुई थी। आरटीए टीम ने डंपर पकड़कर चालक से उसके कागज दिखाने को कहा, तो वह कागज नहीं दिखा सका। चेक करने पर पाया गया कि डंपर का वर्ष 2020 के बाद टैक्स बकाया है। इस अवधि के बाद उसका फिटनैस सर्टिफिकेट भी नहीं लिया गया है। बिना फिटनैस यह वाहन अनफिट की श्रेणी में आता है, जिस कारण इससे कोई भी हादसा हो सकता है। जर्जर हालत में इस डंपर का फिटनैस सर्टिफिकेट भी हासिल नहीं किया जा सकता। साथ इस टैक्स का भुगतान अब पैनल्टी के साथ करना होगा, जिससे नगर परिषद को मोटी रकम चुकानी होगी। आरटीए टीम ने डंपर पर 35.5 हजार रुपये जुर्माना कर दिया। सूत्रों के अनुसार डंपर इंपाउंड करने की सूचना मिलने के बाद ईओ ने चेकिंग टीम में शामिल एक कर्मचारी से डंपर को सरकारी बताते हुए तुरंत छोड़ने को कहा गया। संबंधित कर्मचारी ने जब एसडीएम सुरेंद्र कुमार को डंपर के दस्तावेजों और हालात के बारे में बताया, तो एसडीएम ने बिना जुर्माना डंपर छोड़ने से मना कर दिया। इसके बाद डंपर को कसोला चौक के पास एक पार्किंग में खड़ा कर दिया गया।





रेवाड़ी। आरटीए की ओर से पकड़ा गया नगर परिषद का डंपर, नगर परिषद में खड़ा बिना नंबर प्लेट का कांम्पेक्टर। फोटो :हरिभूमि

#### चोरी तक हो चुका नपा नया डंपर

नगर परिषद की ओर से कुछ समय पहले एक नए डंपर की खरीद की गई थी। यह डंपर नगर परिषद प्रांगण से चोरी हो गया था, जिसका आज तक पता नहीं चला है। एक अन्य डंपर कागज पूरे नहीं बनवाने के कारण सीआई ऑफिस के पास धूल फांक रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसे कई वाहन देखरेख के अभाव में कबाड़ा बन रहे हैं, जिससे नगर परिषद को ही भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### जांच के बाद मिलेगी पूरी जानकारी

*एक डंपर को आरटीए टीम ने इंपाउंड किया है। नगर परिषद के वाहनों के कागजात चेक कराए जाएंगे। उनके पाई जाने वाली खामियों को दूर कराया जाएगा। -संदीप मलिक, ईओ।*

#### नियम सभी के लिए एक समान

*बिना फिटनैस और टैक्स अदायगी के चल रहे डंपर को इंपाउंड किया गया है। नियम सभी के लिए समान हैं। सरकारी वाहनों के कागजात पूरे कराना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी होता है। -सुरेंद्र कुमार, सचिव, आरटीए।*

# उत्तराखंड के नेशनल गेम्स में अमन ने जीता सिल्वर

- सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

28 जनवरी से उत्तराखंड में चल रहे 38वें नेशनल गेम्स में रेवाड़ी के ताइक्वांडो खिलाड़ी अमन कादयान ने 58 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। नेशनल गेम्स 14 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे है। रेवाड़ी से पंकज रॉय ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को वापस प्रदेश पहुंचने पर स्वागत करके सम्मानित किया जाएगा।


रेवाड़ी। मेडल दिखाते हुए अमन कादयान। फोटो :हरिभूमि


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में पीओ अजय कुमार। फोटो :हरिभूमि

### चेक बाउंस मामले में फरार पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव कलोई निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिसे अदालत ने पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में अलग से अभियोग अंकित किया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# गर्ल्स कॉलेज बावल में धूमधाम से मनाया बसंत उत्सव छात्राओं ने अनेक स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल

राजकीय कन्या महाविद्यालय बावल में शनिवार को दो दिवसीय बसंत उत्सव कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा की जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने शिरकत की और विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर राजेश बंसल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कॉलेज में बसंत उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम मे अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। इस अवसर पर प्राचार्या ममता गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं का बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा की बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़कर भाग लेना चाहिए। सहायक प्रोफेसर राजेश बंसल ने गाना सुनाकर बसंत का स्वागत किया। इस मौके पर सभी शिक्षक स्टाफ व छात्राएं मौजूद थी।अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु बनाने का निर्माण करने में खुशी प्रथम, इंदुबाला दूसरे और मीरा तीसरे स्थान पर रही। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में सुरेखा ने प्रथम खुशी ने द्वितीय व दीपा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राखी ने प्रथम, भारती ने द्वितीय व सलोनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। रंगोली में ललिता ने प्रथम, निशु ने द्वितीय व दीपिका ने तृतीय स्थान, कविता पाठ में कामिनी पहल, नंदिनी दूसरे और खुशी तीसरे स्थान पर रह। भाषण पमें खुशी ने पहला, राखी ने दूसरा और नंदिनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।


रेवाड़ी। बसंत उत्सव कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# फेयरवेल पार्टी में जूनियर्स ने सीनियर विद्यार्थियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम-रेट्रो रिवाईड थी। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, अन्नू सैनी, जयश्री सैनी, प्राचार्य कुलदीप जांगिडव केएम चांदना उपस्थित थे। चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए मनमोहक पुराने जमाने के गीतों पर नृत्य, गायन और नाट्य की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ रिया माटा व छात्रा प्राची ने किया। सभी छात्रों को उपहार देकर विदा किया गया व शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। फेयरवेल पार्टी में विजेताओं की घोषणा कर उन्हे ताज, टाइटल्स और उपहार दिए गए। छात्राओं में मिस फेयरवेल तान्या, मिस परफेक्टो सुरभि, मिस फैशनिस्टा प्रेरणा व मिस आइकॉनिक कशिश रही।



रेवाड़ी। विदाई समारोह में छात्रों को उपहार भेंट करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### पीएनबी के दो दिवसीय एक्सपो में 50 करोड़ से अधिक का होम लोन स्वीकृत



**रेवाड़ी।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से बीएमजी मॉल परिसर में आयोजित दो दिवसीय होम लोन एक्सपो का समापन हो गया। होम लोन एक्सपो में नागरिकों को आवासीय ऋण प्रदान किया गया। इस एक्सपो में 35 करोड़ रुपये तक के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया, जिसमें 50 करोड़ से अधिक का लक्ष्य हासिल किया गया। पीएनबी के सर्कल हेड दीपक महतानी ने बताया कि एमडी अशोक चंद्रा के दिशा निर्देशन में हाउसिंग लोन एक्सपो का आयोजन किया गया। एक्सपो में नागरिकों को त्वरित वित्तीय सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि आगामी सप्ताह में एमएसएमई एक्सपो का भी आयोजन किया जाएगा। एक्सपो में सर्कल टीम, मार्केटिंग टीम और लोन विशेषज्ञों ने ग्राहकों का मार्गदर्शन किया। होम लोन के साथ रूफटॉप सोलर पैनल के लिए भी लोन सुविधा उपलब्ध कराई गई। सर्कल हेड महतानी ने बताया कि एक्सपो में पीएनबी द्वारा दो दिनों में करीब पचास करोड़ से ज्यादा का होम लोन स्वीकृत किया गया। देशभर में मकान, फ्लैट और विला लेने का सपना संजोए लोगों की हसरत पूरी करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने रेवाड़ी सहित देश भर में 150 शहरों में एक्सपो लगाया।

### हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**रेवाड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कवि हलचल हरियाणवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य ने बताया कि हिंदी विकास मंच नई दिल्ली की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हिंदी प्रवक्ता डा. सुविधा यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में किशन कुमार, सारिका, सुकन्या तथा साक्षी ने स्वर्ण पदक, इशिका, नीतू, डिंपी तथा मुस्कान ने रजत पदक तथा पूर्ति, डिंपी, रिया तथा रितु ने कांस्य पदक प्राप्त किए। मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए समर्थन और सहयोग के लिए प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि जागृत करना है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार, प्रवक्ता नीतू यादव, नेहा शर्मा, मीनाक्षी चुग, पूनम देवी, रविंद्र कुमार सैनी, हरिता शर्मा, हिंदी अध्यापिका मंजूलता, प्रिया देवी, पूनम देवी व राजेश कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।


रेवाड़ी। ओलंपियाड विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। श्रीराम कुटी में श्रद्धालुओं को प्रवचन देते महाराज। फोटो : हरिभूमि

# धारूहेड़ा की श्रीराम कुटी में सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धारूहेड़ा

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 स्थित श्रीराम कुटी में रविवार को सत्संग का किया गया। इस अवसर पर स्वामी प्रेमानंद गिरि महाराज ने कहा कि हम गाय को पालते हैं, लेकिन गाय हमें पालती है। उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों ने कहा है कि गाय हमारे लिए इस लोक और परलोक दोनों के लिए उपयोगी है, इसलिए स्वर्ग धर्म मानकर गोसेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार में आज तक कोई बच्चा हंसता हुआ पैदा नहीं हुआ है। जब बच्चा मां के गर्भ में रहता है तो उसे 24 घंटे प्रभु का दर्शन होता है। जन्म के बाद मोह माया का पर्दा पड़ जाता है और उसे प्रभु का दर्शन होना बंद हो जाता है। हमें सत्संग के माध्यम से अपना जीवन साकार करना चाहिए ताकि सांसारिक जीवन से मुक्ति मिल सकें। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

राजनीति | निकाय चुनावों के लिए भी पार्टी ने जताया डा. बनवारीलाल पर भरोसा

# केजरीवाल के खिलाफ प्रचार मैदान में थे बनवारी प्रवेश वर्मा की जीत ने बढ़ाया संगठन में रुतबा

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

बीते विधानसभा चुनावों में भले ही पार्टी राजनीतिक हालातों के चलते पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल को टिकट नहीं दे पाई, परंतु चुनावों के बाद उन्हें संगठन में लगातार बड़ी जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रचार मैदान में बड़ी जिम्मेदारी के साथ उतरे डा. बनवारीलाल का रुतबा भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा की जीत के साथ और बढ़ गया है। संगठन ने निकाय चुनावों में उन्हें पानीपत जिले की जिम्मेदारी सौंपकर एक बार फिर से भरोसा जताया है। बावल हलके में डा. बनवारीलाल लगातार दो बार विधायक बनने वाले दूसरे नेता रहे हैं। गत विधानसभा चुनावों में उनके सामने जीत की हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाने का अच्छा मौका था, परंतु केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह उनकी टिकट के रास्ते में बाधा बन गए थे। टिकट कटने के बावजूद डा. बनवारीलाल ने बगावत का रुख अपनाने की बजाय राजनीति के मैदान में पहली बार भाजपा की टिकट के साथ उतरे डा. कृष्ण कुमार को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा का परिचय देते हुए बनवारीलाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट रखते हुए कृष्ण को विधानसभा भिजवाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। पार्टी ने उनके समर्पण को देखते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में नई दिल्ली सीट पर पूर्व सीएम केजरीवाल के खिलाफ प्रचार मैदान में आब्जवर्सी प्रभारी के तौर पर उतारा था। डा. बनवारीलाल ने पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा के पक्ष में प्रचार करने के लिए मोर्चा संभाला हुआ था। इस सीट पर केजरीवाल को मात देना आसान नहीं था, परंतु राजनीतिक अनुभव और संगठन की एकता के साथ उन्होंने प्रवेश वर्मा को विधानसभा पहुंचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। लगभग एक माह तक वह दिल्ली में ही डेरा डाले रहे थे। प्रदेश का सीएम बदलने के बाद डा. बनवारीलाल नायब सिंह सैनी की भी गुड बुक में शामिल रहे, जिस कारण विरोधियों की मंशा पर पानी फेरकर वह नायब सरकार में भी पावरफुल कैबिनेट मंत्री बने रहे थे। अहीरवाल में सबसे भरोसेमंद चेहरा डा. बनवारीलाल को जिस तरह से संगठन में बार-बार बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है, उससे यह साफ नजर आ रहा है कि अहीरवाल में वह भाजपा संगठन के लिए सबसे भरोसेमंद चेहरा बन चुके हैं। भले ही गत विधानसभा चुनावों में अहीरवाल की अधिकांश सीटों पर राव इंद्रजीत समर्थकों ने जीत हासिल की हो, परंतु संगठन को सबसे अधिक भरोसा डा. बनवारीलाल पर ही है। अभी तक राव खेमे से जुड़े किसी भी नेता को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी गई है। संगठन के मामले में डा. बनवारीलाल का पार्टी एक दलित नेता के रूप में खुलकर इस्तेमाल कर रही है। संगठन की ओर से उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी जा सकती है।


मनोहर लाल।


बनवारी लाल।


राव इंद्रजीत सिंह।

#### मनोहर से नजदीकी का भी फायदा

डा. बनवारीलाल को सबसे पहले केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बावल हलके से वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में टिकट दिलाकर मैदान में उतारा था। वह राव को अपना राजनीति गुरू मानते रहे हैं। वर्ष 2019 में कैबिनेट मिनिस्टर बनने के बाद उनकी तत्कालीन सीएम मनोहरलाल से नजदीकियां बढ़ गई थीं। राव और मनोहर के बीच राजनीतिक खींचतान के बावजूद डा. बनवारीलाल ने दोनों से सामंजस्य बनाए रखा था। शायद राव को बनवारीलाल की मनोहरलाल से नजदीकियां रास नहीं आ रही थीं, जिस कारण उन्होंने उनकी टिकट का रास्ता रोक दिया था।

## खबर संक्षेप

### गुरु गोरखनाथ का सातवां भंडारा एवं जागरण आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव चंदपुरा में गुरु गोरखनाथ का सातवां विशाल भंडारा एवं जागरण 10 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह साढ़े 8 बजे हवन व 10 बजे से भंडारा शुरू होगा। भजनों के कार्यक्रम निरंतर चलते रहेंगे। रामधन गोस्वामी एंड पार्टी बाबा के भजनों का गुणगान करेगी।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती आज

**नांगल चौधरी।** जांगिड़ धर्मशाला में विश्वकर्मा सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह आयोजित होगा। जिसमें सामाजिक कुरीतियों को मिटाने पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस दौरान नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए गांव वाइज युवाओं की टीम सक्रिय की जाएगी। संस्था के सचिव महावीर प्रसाद ने बताया कि सोमवार की सुबह 9:15 बजे हवन कार्यक्रम होगा। इसके बाद गायक कलाकारों की ओर से भजनोपदेश प्रस्तुत किए जाएंगे। दोपहर 12:15 बजे से प्रसाद वितरण करने का शेड्यूल बनाया गया है।

### पीएमश्री विद्यालय के छात्र रिले रेस में प्रथम

**नारनौल।** जिला खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय पीएमश्री स्कूल प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू के छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहा। स्कूल पहुंचने पर विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। कैलाश यादव प्राचार्या ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया व कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है। नौ व 12 आयु वर्ग की रिले रेस में चंद्रभान, कृष्ण, जयवीर सिंह, अजय ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या ने खेल प्रभारी राजबीर सिंह डीपीई व प्रवेश यादव स्पोर्ट्स शिक्षक को बधाई दी। इस मौके पर आरएस भोपा, चरण सिंह, धीरज, राजेंद्र, कृष्ण कुमार, सतपाल, महेन्द्र, दर्शन सैन आदि मौजूद थे।



### 2 साल में शहर को अतिक्रमण मुक्त नहीं बना पाया नपा प्रशासन

**नांगल चौधरी।** शहर को नपा का दर्जा मिले हुए करीब 12 साल बीत गए हैं। अभी तक शहर को अतिक्रमण व पेयजल संकट की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। सड़कों के दोनों तरफ करीब 40 फिट चौड़े फुटपाथ पर रेहड़ी और खोमचे संचालकों ने अतिकमण कर लिया। ऐसे में यात्रियों को सड़क पर वाहनों की पार्किंग करके विभिन्न दुकानों से खरीददारी करनी पड़ती है। जिस कारण शहर में यातायात जाम की समस्या बनी हुई है। आपको बता दें कि 21 जनवरी 2013 को नांगल चौधरी नपा का गठन किया गया था। इसके बाद उप तहसील से तहसील का दर्जा दे दिया गया, तीन साल पहले सरकार ने नांगल चौधरी को उप मंडल भी बना दिया है। लोगों को शहर जैसी सुविधाएं मिलने की उम्मीद हुई थी।

*एजेंसी ने कहा- आज से गोवंश पकड़ने का बंद रहेगा कार्य, सुरक्षा मिलने पर ही शुरू किया जाएगा कार्य*

# गोवंश पकड़ने पर लोगों का फिर से विरोध, एजेंसी कर्मचारियों से हाथापाई कर छुड़ा ले गए गाय

- एजेंसी की ओर से एक फरवरी से 8 फरवरी तक 339 गोवंश पकड़कर गोशाला में छोड़े चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी




रेवाड़ी। गाय को पकड़े हुए एजेंसी कर्मचारी व गाय को छुड़ाने के बाद कर्मचारी से झगड़ते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के सड़कों पर घूमते गोवंश की बढ़ती समस्या को लेकर डीसी अभिषेक मीणा की सख्ती के बाद ठेका लेने वाली रॉयल एंटरप्राइजेज एजेंसी की ओर से पिछले एक सप्ताह में कार्य काफी तेज कर दिया। एजेंसी की ओर से एक फरवरी से 8 फरवरी तक 339 गोवंश पकड़कर गोशाला में छोड़े चुके है, लेकिन एजेंसी के कर्मचारियों को गोवंश पकड़ने में बार-बार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालक अपने गोवंश छुड़ाने के लिए कर्मचारियों से छीना-झपटी व हाथापाई करने पर उतारू हो रहे है। डीसी के आदेश के बाद भी एजेंसी को न तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट मिला है और न ही पुलिस सुरक्षा मिल पाई है, जिसके कारण एजेंसी के कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। रविवार को सेक्टर-18 के पास कर्मचारियों की ओर से पकड़ी गई गाय को कुछ लोगगोली मारने की धमकी देकर छुड़ा ले गए। लोगों ने एजेंसी कर्मचारियों के साथ हाथापाई भी की। एजेंसी की ओर से मॉडल टाउन थाने में शिकायत भी दी गई है। एजेंसी के कर्मचारी मोहित यादव ने बताया कि उनकी फर्म रॉयल एंटरप्राइजेज ने नगर परिषद से गोवंश को पकड़ने का ठेका लिया हुआ है। रविवार को उनकी टीम रिकवरी वैन के साथ सेक्टर-18 के मोड पर पहुंची तो एक गाय सड़क पर घूमती हुई मिली। टीम के सदस्यों ने गाय को पकड़कर रस्सी से बांध लिया। तभी एक महिला गाय को छुड़ाने पहुंच गई। इसके बाद बाइकों पर कुछ युवक आए और हाथापाई करते हुए पकड़ी गई गाय को छुड़ा ले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि गाय छुड़ाने वाले लोगों ने उन्हें मारने की भी धमकी भी दी। मोहित ने मॉडल टाउन थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। मोहित ने कहा कि सोमवार को नगर परिषद अधिकारियों को लिखित में पत्र देकर एजेंसी की ओर से गोवंश पकड़ने का कार्य बंद किया जाएगा। जब तक सुरक्षा नहीं मिलती एजेंसी की ओर से कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब पांच दिन पहले भी एजेंसी के कर्मचारियों के साथ इसी तरह की 3 फरवरी को भी कृष्णा नगर के पास गोवंश पकड़ने पर ऐसी ही घटना हुई थी, लेकिन उसका भी कोई समधान नहीं किया गया। लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में हाथापाई करते हुए पकड़ी गई गाय को छुड़ा लिया था। डीसी की ओर से ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए जाने के बावजूद एजेंसी के कर्मचारियों को गोवंश को पकड़ने में परेशानी उठानी पड़ रही है।



महेंद्रगढ़। वन विभाग की गाड़ी पर हमला करती जेसीबी मशीन।

### वन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने किया हमला

**महेंद्रगढ़।** जिले में सरकारी विभागों की टीमों पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी में एक और घटना जुड़ गई। रविवार सुबह वन विभाग की टीम जब गांव सोहला की पहाड़ियों में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई और खनन का निरीक्षण करने पहुंची तो उस पर हमला कर दिया गया। आरोपितों ने जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से घेरकर टीम पर हमला बोला और उनकी गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने समय रहते गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। वन मंडल अधिकारी चंद्रगुप्त ने बताया कि वन विभाग की टीम रविवार सुबह गांव सोहला की पहाड़ियों में अवैध कटाई की जांच करने पहुंची थी। वहां टीम ने पाया कि कुछ लोग अवैध खनन और हरे पेड़ों की कटाई कर रहे थे। टीम को देखते ही जेसीबी और ट्रैक्टर चालकों ने सरकारी गाड़ी को चारों ओर से घेर लिया और हमला कर दिया। जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से वन विभाग की सरकारी गाड़ी को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

## बाबा गंगापुरी धाम पर दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ

# आस्था एवं अगाध श्रद्धा का केंद्र है नाहड़ का बाबा गंगापुरी धाम, लोगों की विशेष आस्था





रेवाड़ी। गंगापुरी उत्सव में टीम के साथ अतिथिगण, नाहड़ में सजाया गया बाबा गंगापुरी धाम व गंगापुरी उत्सव में पहुंचे लोग।

### आज मेला, भंडारे व खेलों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नाहड़

भारतीय संस्कृति में ग्राम देवता का अपना विशिष्ट महत्व रहा है। ग्राम देवता किसी गांव या समुदाय के रक्षक होते हैं। इनकी पूजा से गांव में सुख शांति आती है। ग्राम देवता की पूजा समाज के कल्याण के लिए की जाती है। ग्राम वासी अपने ग्राम देवता के प्रति अगाध श्रद्धा एवं विश्वास रखते हुए समर्पित हैं। जिले के गांव नाहड़ में स्थित बाबा गंगापुरी धाम का अपना विशेष महत्व है। यहां पर लोग बाबा के प्रति नत मस्तक हैं। हर सोमवार को बाबा के धाम पर पुरखों के समय से ही पूजा अर्चना की जाती रही है। हर साल बाबा के धाम पर वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाता है। वार्षिक उत्सव में ग्रामवासी सुबह से ही बाबा के धाम पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर आशीर्वाद लेते हैं। गांव की महिलाएं घर से चूरमा व शक्कर का प्रसाद लेकर टोलियां बनाकर गीत गाते हुए बाबा के धाम पहुंचती हैं। बाबा के धाम पर प्रसाद चढ़ाती हैं तथा परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद लेती हैं। कमेटी प्रधान एवं गांव के सरपंच महेंद्र सिंह तथा सचिव प्रदीप शेखावत ने बताया कि इस बार लगभग 60 क्विंटल दाल-बाटी का प्रसाद तैयार किया गया है। दो दिवसीय उत्सव में समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहता है। उत्सव में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया जाता है, जिसमें कबड्डी व वालीबॉल की टीमें दूर-दूराज क्षेत्रों से आकर भाग लेती हैं। जीतने वाली टीमों को आकर्षक ईनाम दिया जाता है। सुरेश कुमार, मास्टर यजदेव, प्रताप सिंह, सुशील पंच, अमित पंच, इंद्रजीत, प्रदीप पंच व मास्टर सतबीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

#### बाबा गंगापुरी वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ

बाबा गंगापुरी वार्षिक उत्सव का रविवार को खेलों के साथ शुभारंभ किया गया, जिसमें वालीबॉल तथा कबड्डी की टीमों ने भाग लिया। सरपंच महेंद्रसिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेलों से जहां भाईचारा बढ़ता है वहीं खेल हमें धैर्य और अनुशासन भी सिखाते है। उत्सव के प्रथम दिन वालीबॉल की लगभग 18 तथा कबड्डी की 16 टीमें पहुंची। सर्वप्रथम नेहरूगढ़ तथा झासवा के बीच वालीबॉल मैच खेला गया, जिसमें नेहरूगढ की टीम विजेता रही। कबड्डी का मैच लुखी एवं बहाला के बीच खेला गया, जिसमें बहाला की टीम विजेता रही। कबड्डी में कर्ण सिंह, सतपाल व सुभाष ने रेफरी की भूमिका निभाई तथा वालीबॉल में पवन तथा दीपक ने रेफरी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप यादव ने किया। बाबा गंगापुरी सेवा समिति के सचिव प्रदीप शेखावत ने बताया कि रात्रि में बाबू दान सिंह और पार्टी द्वारा हरियाणवी धार्मिक सॉन्ग के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रातः 8 बजे पंडित अरविंद शर्मा हवन कराएंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा तथा खेल परिसर में वालीबॉल तथा कबड्डी के बचे हुए मैच कराए जाएंगे। 60 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गों की दौड़ आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके बाद विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया जाएगा।

# भारत माता की वंदना के कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी




रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते संस्था सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में भारत माता की वंदना के देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हमारा परिवार संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुरेंद्र, आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डॉ दीपक यादव, भारत विकास परिषद के प्रदेश सचिव डॉ आर बी यादव, नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि हम अपना सब कुछ बलिदान कर भी भारत माता का ऋण नहीं चुका सकते। क्योंकि हमारा ये शरीर भी इसी माटी से बना है। बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश राजपाल, भारत विकास परिषद के संरक्षक रमेश सचदेवा, हमारा परिवार संस्था के संरक्षक दयाराम आर्य, रेवाड़ी इकाई प्रमुख दयानंद आर्य व संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता ने कहा कि जिस तरह एक मां अपने को कष्ट में रख कर अपने बच्चों को सभी प्रकार के सुख पहुंचाने की कोशिश करती है, उसी प्रकार भारत माता भी हमारा अन्न-जल-वायु से निरंतर पोषण करती है। महिला प्रधान निशा सिकरी, संयोजक शशि जुनेजा, शिक्षाविद मधु गुप्ता व पर्यावरण विद् लता शर्मा ने कहा कि माताएं घरों में बच्चों को देश पर बलिदान हुए वीरों के बारे में बताएं। इससे बच्चों में, परिवार में देशभक्ति के संस्कार अपने आप बनेंगे।

#### सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में पूर्व बीईओ राजकुमार जलवा, अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला अध्यक्षा श्रुति शर्मा, प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, पूर्व नगर परिषद प्रधान सुचित्रा चांदना, वरिष्ठ भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज, समाजसेवी राजेंद्र गेरा व खुशियों के ब्रांड एंबेसडर प्रदीप शर्मा को सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से अतिथियों को भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व स्वामी विवेकानंद के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में सुदर्शन मेहंदीरत्ता, कपिल कपूर, पूर्वांशी, प्रीति कपूर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# यादव सभा के कैंप में 146 लोगों ने ली फ्री ओपीडी सेवाएं

- फिजियोथरेपिस्ट पूर्ण सिंह यादव ने फिजियोथेरेपी की सेवाएं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी



रेवाड़ी। बुजुर्ग की आंखों की जांच करते हुए डॉक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 146 लोगों ने निःशुल्क ओपीडी सेवाएं ली। सभा की ओर से सभी को फ्री दवाइयां भी प्रदान की गई। कैंप में डॉ विक्रम यादव ने मेडिसिन, डॉ आर बी यादव ने हड्डीरोग, डॉ गौरव यादव ने सर्जरी, डॉ गौतम यादव ने नेत्ररोग, डॉ योगेन्द्र यादव ने चर्मरोग व मनीष यादव ने ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान की। फिजियोथरेपिस्ट पूर्ण सिंह यादव ने फिजियोथेरेपी की सेवाएं दी। शिविर में प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव,अमर सिंह, गोकल राम, प्रवक्ता सतीश यादव व बिक्रम ने सहयोग प्रदान किया।

# राजस्थान की तरह हरियाणा में मेघवाल के नाम से प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग

- बनीपुर में मेघवाल जागृति मंच की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭बावल



रेवाड़ी। बनीपुर में बैठक करते हुए मेघवाल मंच के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

गांव बनीपुर की अंबेडकर लाइब्रेरी में रविवार को मेघवाल जागृति मंच की ओर से 55 गावों के अनुसूचित जाति के लोगों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रिछपाल सिंह प्राणपुरा ने की। इस मौके पर मेघवाल जागृति मंच के सचिव भूपेंद्र सिंह, रूड़ा राम और वेदप्रकाश बावलिया ने कहा कि राजस्थान की तरह हरियाणा में मेघवाल के नाम से प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग को लेकर पिछले कई महीने से जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सरकार व प्रशासन से भी पोर्टल पर मेघवाल के नाम से प्रमाण पत्र जारी करने मांग की जा रही है। मेघवाल जागृति मंच का विस्तार करने के लिए ब्लॉक स्तर पर भी कार्यकारिणी बनाई जा रही है। इस अवसर पर पूर्व एसडीओ सूरजभान, राजेंद्र, रोहित, रमेश, मनोज बनीपुर, रामावतार, सुंदरलाल भटेडिया, रविंद्र, बलबीर सिंह व सुबे सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## वाहन चालकों को चालान भरने के लिए जागरूक कर रही ट्रैफिक पुलिस

# अब 90 दिनों में चालान भरना अनिवार्य: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी



एसपी डा. मयंक गुप्ता।

जिला पुलिस की ओर से 10 फरवरी तक ट्रैफिक चालान भरने में देरी करने वाले चालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। एसपी डा. मयंक गुप्ता ने जिला ट्रैफिक पुलिस सहित सभी थाना प्रबंधकों को वाहन चालकों के चालान समय अवधि में भरने को लेकर जागरूक करने के लिए निर्देश दिए हुए हैं। इसके उपरांत चालान को नजर अंदाज करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर ने कहा कि अगर कोई वाहन चालक चालान भरने की समय अवधि के अंदर चालान जमा नहीं कराता है तो उस वाहन को केंद्रीय मोटरयान अधिनियम की धारा 167(8) के तहत नियंत्रण में लिया जाएगा। यह सख्त कदम उन लोगों के लिए है, जो चालान कटने के बाद उसे लंबे समय तक नजर अंदाज करते है। उन्होंने बताया कि चालान भरने में देरी करने वाले चालकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब नियमों को और सख्त कर दिया गया है। चालान कटने के 90 दिन के बाद वो चालान वर्चुअल कोर्ट में चला जाता है। ट्रैफिक नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

#### यातायात नियमों के प्रति हों जागरूक

एसपी डा. मयंक गुप्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। आमजन को यातायात नियमों की पालना कर सड़कों को सुरक्षित बनाने में अपना सहयोग देना चाहिए और वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाना चाहिए। वाहन चालक अपने वाहन के दस्तावेज ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा व पॉल्यूशन पूर्ण रखें। ट्रैफिक पुलिस की ओर से नो पार्किंग और ओवर स्पीड से संबंधित पोस्टल चालान किया जाता है। अगर किसी वाहन का नो पार्किंग या ओवर स्पीड का पोस्टल चालान होता है और उसका पॉल्यूशन, रजिस्ट्रेशन या फिर बीमा समाप्त हो चुका है तो नो पार्किंग या ओवर स्पीड के साथ इन सभी का भी जुर्माना लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि ई-चालान प्रणाली के जरिए वाहन मालिक अपने चालान को ऑनलाइन देख सकते हैं और तुरंत भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चालान भरने में देरी करने वाले चालकों को अब 90 दिनों में चालान भरना अनिवार्य है। अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो वाहन जब्त किया जाएगा और अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। वाहन चालक यातायात नियमों को लेकर जागरूक होकर एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दें।

